# टीजीटी के 508 नियमित पदों पर नियुक्ति के लिए जल्द नोटिफिकेशन जारी करेगा विभाग

एजुकेशन रिपोर्टर | चंडीगढ़

अलग-अलग सब्जेक्ट्स में टीजीटी के 508 नियमित पदों पर नियुक्ति के लिए जल्द नोटिफिकेशन जारी करेगा।

13 अक्टूबर को केंद्र मंत्रालय से मिली लेटर के बाद टीजीटी पदों की संख्या 300 से बढ़कर 508 हो गई है। इन पदों में अंग्रेजी और फाइन आर्ट्स के कई पद 2002 से खाली पड़े थे, जिनके बहाल होने से 21 साल बाद उन पर नियुक्ति होगी।

विभाग एक बार में टीजीटी के सभी खाली पदों को भर रहा है। नियुक्ति से संबंधित जानकारी जल्द शिक्षा विभाग की www.chdeducation.gov .in पर अपलोड कर दी जाएगी। इसमें किस सब्जेक्ट में कितने पद भरे जाएंगे, कब से आवेदन की प्रक्रिया शुरू और खत्म होगी, आवेदन के लिए आवश्यक योग्यता आदि की जानकारी दी जाएगी।

इस साल 1036 पदों को पुनर्जीवित करने की केंद्र सरकार ने अनुमति दी है। पिछले दिनों शहर के सरकारी स्कूलों में 500 टीचिंग पदों को पुनर्जीवित करने की अनुमति दी गई है। इससे पहले अप्रैल में 536 टीचिंग पदों को पुनर्जीवित करने की अनुमति दी गई थी।

पांच साल से अधिक समय तक खाली रहने के बाद पद समाप्त कर दिए गए थे। नियमानुसार दो वर्ष से अधिक समय तक रिक्त रहने वाले पदों को समाप्त माना जाता है।

अक्टूबर महीने में जो पद पुनर्जीवित हुए हैं उनमें पीजीटी(लेक्चर) की 24, पीजीटी(वोकेशनल लेक्चर) की 7, टीजीटी की टीचिंग 268, जेबीटी की 127 और एनटीटी की 74 वैकेंसी शामिल हैं। केंद्र सरकार ने इसी साल अप्रैल में यूटी प्रशासन को शहर के सरकारी स्कूलों में 536 टीचिंग पदों को पुनर्जीवित करने की अनुमति दी थी।

हालांकि यूटी शिक्षा विभाग ने 562 टीचिंग पदों को पुनर्जीवित करने के लिए एक प्रस्ताव भेजा था। जो पद पुनर्जीवित हुए थे उनमें पीजीटी के 57, टीजीटी के 158, जेबीटी के 197, एनटीटी के 27, स्पेशल एजुकेटर टीजीटी के 50 और स्पेशल एजुकेटर जेबीटी की 47 वैकेंसी थीं।

## इनपर भर्ती प्रक्रिया जारी

जेबीटी के 293, स्पेशल एजुकेटर जेबीटी के 47 और स्पेशल एजुकेटर टीजीटी के 50 पदों पर टीचर्स की भर्ती की प्रक्रिया जारी है। जेबीटी के 293 पदों के लिए 31 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। वहीं पीजीटी के 98 पदों के लिए 25 अक्टूबर से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। आवेदन की आखिरी तारीख 16 नवंबर शाम 5 बजे तक जबकि फीस 20 नवंबर दोपहर 2 बजे तक जमा कर सकते हैं।

## कुल 4725 हैं स्वीकृत पद

शिक्षा विभाग चंडीगढ़ में टीचिंग के कुल 4725 स्वीकृत पद हैं। इनमें पीजीटी की 541, टीजीटी की 2442, जेबीटी के 1398, एनटीटी के 247, स्पेशल एजुकेटर टीजीटी के 50 और स्पेशल एजुकेटर जेबीटी के 47 पद शामिल हैं।